Printed Pages – 4

I-94

B.A. (Part-III) Supplementary/Special, Examination, 2021

HINDI SAHITYA

Paper - I

जनपदीय भाषा-साहित्य (छत्तीसगढ़ी)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के समक्ष अंक प्रदर्शित हैं।

Q. 1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) भजन करौ भाई रे, अइसन तन पाय के
नहीं रहे लंकापति रावन,
नहिं रहे दुर्योधन राई रे।
माता-पिता सुत ठाढ़े भाई बंद,
आयो जमराज पकर लै जाई रे।
लाल खंभ पर देत ताड़ना,
बिन सतगुरु को होत सहाई रे।
धरमदास के अरज गोंसाई,
नाम कबीर कहौ गोहराई रे।

(ख) तोर त्-त्-त्-त् बइला के, बन जाथे गाता छंद रे।
सब खेत होथे राधा, तँय बनथस बेटा नंद रे।।
तोर खुसी स खेत मन, झुमर-झुमर लहरावैं रे।
तोर उद्दाह ले गाँवे, मनवा जिनगी आवै रे।।
तोर खेत के चारों खुट, हो जाथे चारो धाम रे।।

(ग) नवरात मनईया मन नव दिन ले उपास रहिथें। उंखर विश्वास है के ये समै मं जउन अनुष्ठान होथय तेखर बड़ फायदा होथय। काहे के संयम म रहे के कारन, रितु परिवर्तन होय के कारन, आने वाला कष्ट व्याधि से अनुष्ठान करइया बचे रहिथय, दूसर, हवन अऊ यज्ञ के धुवां ले हवा सुद्ध हो जाथय, तेखर कारन किसम-किसम के रोग राई के समाप्ति हो जाथय।

(घ) चैतू भूख मं
बैसाखू घाम मं
जेठू इज्जत मं
अऊ पुसऊ जाड़ मं
जांगर चलात-चलात
अकड़ के मर जाथे।
बिधाता के एहू
एक किसिम के नियाव आय।

Q. 2. छत्तीसगढ़ी साहित्य का काल विभाजन विस्तार से समझाइये। **12×1=12**

अथवा

छत्तीसगढ़ी साहित्य के आधुनिक काल पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

Q. 3. संत काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय देते हुए धर्मदास के पदों की विवेचना कीजिए। **12×1=12**

अथवा

'सीख-सीख के गोठ' पाठ का उद्देश्य एवं सामाजिक महत्व लिखिए।

Q. 4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(i) मुकुंद कौशल के छत्तीसगढ़ी गजलों के भाव-पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(ii) सुंदर लाल शर्मा के रचनाओं पर प्रकाश डालिए।

(iii) ''चंदैनी गोंदा' का कथानक लिखिए।

(iv) 'एक किसिम के नियाव' कविता में सामाजिक विषमताओं को स्पष्ट कीजिए।

Q. 5. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए (कोई पन्द्रह) : **15×1=15**

(1) किसी एक पंडवानी कलाकार का नाम बताइये।

(2) वीरगाथाकाल की किसी एक रचना का नाम बताइये।

(3) 'मोर संग चलौ रे' किसकी रचना है ?

(4) 'छत्तीसगढ़ी व्याकरण' किसने लिखा है ?

(5) 'पंथी' गीत एवं नृत्य में किस महापुरुष के प्रति श्रद्धाभाव व्यक्त किया जाता है ?

(6) छत्तीसगढ़ी भाषा में स्वरों की कितनी संख्या है ?

(7) छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(8) 'चंदैनी गोंदा' क्या है ?

(9) 'भानु' किस कवि का उपनाम है ?

(10) संत धर्मदास के गुरु कौन थे ?

(11) 'खूब तमाशा' किसने लिखा है ?

(12) 'कुकरा' शब्द का हिन्दी में अर्थ लिखिए।

(13) 'अइहन बइद परान घातिका' का अर्थ लिखिए।

(14) 'सोनपान' के रचनाकार का नाम बताइये।

(15) 'चंदा अमरित बरसाईस' किसकी रचना है ?

(16) 'तुतारी' किस कार्य में प्रयोग में लाया जाता है ?

(17) 'गजल' मूलतः किस भाषा का काव्य रूप है ?

(18) 'दानलीला' में किस चरित्र का वर्णन है ?